**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**PRE MID TERM EXAM. (2025-26)**
**HINDI (085)**

| | |
|---|---|
| Class: X | Duration : 1.00 Hrs |
| Date : 05.08.2025 | Max. Marks: 25 |
| Admission No.: | Roll No.: |

---

सामान्यनिर्देशः 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 7 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

---

प्रश्नपत्रस्वरूप - खण्ड 'क' : अपठित पद्यांश 05 अङ्क
खण्ड 'ख' : व्याकरण 12 अङ्क
खण्ड 'ग' : पाठ्यपुस्तक 03 अङ्क
खण्ड 'घ' : लेखन 05 अङ्क

---

खण्ड 'क' : अपठित पद्यांश (05 अङ्क)

प्रश्न 01 पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (अंक 5)

गिरधारी लाला म्हाने चाकर राखो जी।
चाकर रहस्यूं बाग लगास्यू नित उठ दर्शन पास्यूँ
बिंदरावन री कुंज गली में, गोविंद लीला गासयूँ
चाकरी में दर्शन पासयूँ सुमरण पास्यूँ खरची
भाव भगती जागीरी पास्यूं, तीनूँ बाता सरसी
मोर मुकुट पीतांबर सोहै गल वैजयंती माला
बिन्द्रावन में धेनु चरावे ,मोहन मुरली वाला
ऊँचा ऊँचा महल बनवा बीच-बीच राखो बारी।
सावरिया रा दर्शन पास्यूँ,पहर कुसुंभी साड़ी
आधी रात प्रभु दर्शन दीज्यों ,जमना जी रे तीरा ।
मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर , हिवड़ों घणों अधीरा।

(1) मीरा किसकी चाकरी करना चाहती हैं ?
(क) राम की (ख) गिरधारी लाला की
(ग) राजा की (घ) पति की

(2) मीरा ने कृष्ण की भावपूर्ण भक्ति को क्या माना है?
(क)पारिश्रमिक (ख)दैनिक खर्च
(ग)जागीर (घ )भाग्य

(3) श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सम्मिलित नहीं है ।
(क)मोर मुकुट (ख)पीतांबर
(ग) वैजयंती माला (घ)श्वेतांबर

4) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए
(1) मीराबाई का हृदय कृष्ण जी से मिलने को धैर्य नहीं धारण कर पा रहा है
(2) मीराबाई श्री कृष्ण जी के दर्शन केसरिया रंग की साड़ी पहनकर करना चाहती हैं
(3) मीराबाई श्री कृष्ण जी के महल में रानी बनकर रहना चाहती हैं
(4) मीराबाई वृंदावन की कुंज गलियों में घूम घूम कर श्री कृष्ण जी का गुणगान करना चाहती हैं

पद्यांश से मेल खाता वाक्य के लिए उचित विकल्प चुनिए

(क) एक दो और तीन (ख) केवल दो

(ग) एक दो और चार (घ) तीन और चार

5 ) भक्ति के लिए तीन बातें महत्वपूर्ण है ,निम्न में से जो चौथी बात भक्ति से संबंधित नहीं है ,उसे छांटिए ।

(क) दर्शन (ख) स्मरण

(ग) भाव (घ) वाचन

खण्ड 'ख' : व्याकरण (12 अङ्क)

प्रश्न 02 निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 3)

(1) हरिहर काका हवेली से दालान की ओर चल पड़े। (क्रिया विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए )

(2) गाँव में एक बड़ी और विशाल ठाकुरबाड़ी है (वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए )

(3) पदबंध की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(4)अवकाश के दिनों में एक डेढ़ महीना खूब खेला कूदा करते थे । (वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए)

प्रश्न 03 रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अंक 3)

(1) मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में कैसे रूपांतरित किया जाता है ?उदाहरण सहित लिखिए।

(2) नाव बीच मझधार में फंसी थी और उस पर सवार लोग चिल्ला रहे थे ।(सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए

(3) अपनी बात समाप्त कर महंत जी प्रतिक्रिया जानने के लिए हरिहर की ओर देखने लगे( रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए)

(4) फिल्म जगत में एक सार्थक और उद्देश्य परक फिल्म बनाना कठिन काम है ।(वाक्य का भेद लिखिए )

प्रश्न 04 समास पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (अंक 3)

(1) द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(2 )तुलसी द्वारा कृत रामचरितमानस प्रसिद्ध ग्रंथ है।रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्त पद प्रयुक्त कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए।

(3) त्रिनेत्र समस्त पद का विग्रह करते हुए कारण भी लिखिए।

(4)क्रोध रूपी अग्नि का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए ।

प्रश्न 05 निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (अंक 3)

(1) छोटी-छोटी बातों पर मित्रों को _____ दिखाना दिनेश का स्वभाव बन गया है ।

(2) भाई साहब का रौद्र रूप देखकर मेरे प्राण सूख जाते थे। पंक्ति से मुहावरा चुनकर उसका किसी दूसरे वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(3) जरा भी अच्छा न लगना (न सुहाना )अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए।

(4) तूती बोलना मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

खण्ड 'ग' : पाठ्यपुस्तक (03 अङ्क)

प्रश्न 06 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 40 से 60 शब्दों में दीजिए। (अंक 3)

(1) हरिहर काका पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया।

(2) आज शहरी एवं ग्रामीण जीवन में अकेलापन एक आम समस्या हो गई है।इससे कैसे मुक्त हुआ जा सकता है। हरिहर काका पाठ के संदर्भ में युक्ति संगत उत्तर दीजिए।

खण्ड 'घ' : लेखन (05 अङ्क)

प्रश्न 07आप अंकित /अंकिता हैं।अपने क्षेत्र में सरकारी दवाखाना खुलवाने का निवेदन करते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 120 शब्दों में एक ई मेल लिखिए। (अंक 5)

============================ समाप्त ==============================